Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 17-02-2022 अंक 144

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## मूर्ति विखंडित करने के मामले में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

### आरोपी ने जुर्म कबूला कहा बदले की भावना में दिया घटना को अंजाम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही पटना रोड में स्थित हनुमान जी का मूर्ति विखंडित करने के मामले में पुलिस ने 36 घण्टे के अंदर उद्भेदन कर लिया है। इस मामले के उद्भेदन को लेकर लगातार पुलिस प्रयासरत थी। जांचोपरांत मूर्ति तोड़ने के आरोप में पुलिस ने बुधवार रात को बरही हज़ारीबाग़ रोड निवासी सफी अहमद उम्र 20 वर्ष को पुलिस को गिरफ्तार किया। जिसको लेकर हजारीबाग एसपी ने प्रेस क०न्फ्रेंस करते हुए बताया कि 12 फरवरी की रात में बरही पटना रोड में स्थित बजरंग. बली का विखंडित करने के मामले में इस युवक को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही आरोपी ने अपनी जुर्म कबूलते हुए कहा कि इस घटना में सिर्फ वह शामिल नही था। इसमें कई अन्य लोग भी शामिल है। हालांकि एसपी मनोज रतन चौथे ने कहा कि मूर्ति विखंडित करने के मामले में जितने भी लोग शामिल है। उन सभी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने हज़ारीबाग़वासियों से अपील किया कि सोसल मीडिया पर कोई भी गलत पोस्ट न करे। अगर कोई गलत पोस्ट करते पकड़ा जाता है तो उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रूपेश पांडेय का एकदशा श्राद्ध कार्यक्रम हुआ सम्पन्न रूपेश पांडेय की मां का अनशन जारी,

### 20 को नई टांड आएगी केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम



अनशन में बैठी रूपेश की मां उर्मिला देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



एकदशा श्राद्धा कार्यक्र्म में मौजूद लोग

नई टांड निवासी रूपेश पांडेय की हत्या के बाद लगातार उन्हें इंसाफ दिलाने की मांग लगातार जारी है। रूपेश पांडेय की एकदशा श्राद्ध कार्यक्रम को पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। मौके पर मौजूद के लोगों ने एकदशा कार्यक्रम में पुलिसिया कार्रवाई पर असंतोष जताया। कहा कि पुलिस मात्र 5 लोगों को गिरफ्तार की। शेष 22 लोगों की गिरफ्तारी अब तक नही हुई। उल्टा वैसे लोगों के खिलाफ प्राथ. मिकी दर्ज की गई। जिन्होंने रूपेश पांडेय को न्याय दिलाने की मांग का समर्थन किया। उन सभी लोगों को परेशान किया जा रहा है। मौके पर मौजूद रामानुजन क्लासेस के संचालक जितेंद्र पांडेय ने बताया कि घटना के दिन वे सरस्वती पूजा विसर्जन कार्यक्रम में जवाहर घाट के पास थे। लेकिन उनका भी नाम दे दिया गया। 44 लोगों को 107 के तहत नोटिसरू रूपेश हत्याकांड के बाद तोड़ फोड़, आगजनी मारपीट के मामले में 83 लोगों को धारा 107 के तहत नोटिस किया गया। यह नोटिस अनुमंडल कोर्ट के द्वारा जारी किया गया है। सभी को 18 फरवरी को अनुमंडल कोर्ट में उप. स्थित होने की बात कही गई है। रुपेश पांडेय की माँ की अनशन जारीरू रूपेश पांडेय की हत्या के बाद उसकी माँ दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अब तक अनशन जारी है। माँ उर्मिला देवी ने कहा कि पुलिस आरोपियों को बचा रही है। जब तक इंसाफ नही मिलेगा । तब तक अनशन जारी रहेगा। 20 फरवरी को राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम फहुँचेगी। इसकी जानकारी उन्होंने पीड़ित परिवार को दी है।। टीम ने एसडीपीओ, सीडब्लूसी, केश आईओ, सहित डॉ क्टर्स को भी बुलाया गया है।

## सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता मोती लाल चौधरी एवं अन्य एक घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरही भाजपा के बरिष्ठ नेता मोती लाल चौधरी उम्र 48 वर्ष पिता हीरा लाल चौधरी एवं काली रविदास उम्र 30 वर्ष पिता बंशी रविदास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता एवं सैकड़ो कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुँचे। दोनों घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## सेफ्टी मैनेजर इमरान खान को अविलंब बर्खास्त करें कंपनी : रामचंद्र चौधरी

### सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे भाजपा नेता एवं उनके परिवार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग से शादी से लौट रहे भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के चार पहिया वाहन को अनियंत्रित अज्ञात ट्रक ने पंचमाधव के पास धक्का मारकर 100 फीट के लगभग घसीटते हुए ले गयाद्य जिसमें खुद रामचंद्र चौधरी गाड़ी चला रहे थे और साथ में उनकी धर्मपत्नी रेखा देवी बहन आशा देवी बहन प्रेमलता देवी और भगिना रोशन कुमार सवार थे सभी बाल बाल बच गए घटना की सूचना पाकर बरही थाना प्रशासन, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार गुप्ता और पंचमाधव के सैकड़ों ग्रामीणों के सहयोग से अपनी गाड़ी को सड़क के किनारे करवाया द्यमौके पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि सिक्स लाइन जीटी रोड के निर्माण में राजकेशरी प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी ने भारी अनियमितता बरत रही है जिसके कारण आए दिन कहीं ना कहीं दुर्घटना होती रहती है कंपनी का रवैया अगर इसी तरह रहा तो अपनी जान माल के लिए लोग आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे ,जीटी रोड पर बसे हुए लोगों में भारी आक्रोश है,कंपनी किसी भी तरह का गाइडलाइन का पालन नहीं कर रही है रोड के दूसरी तरफ जाने के लिए ना ही किसी तरह का सिंबल है और ना ही कोई गाइड करने वाला, अगर कोई है तो अपनी जान की सुरक्षा को लेकर रोड के किनारे बैठे रहते हैं जिसके कारण लोग गंभीर रूप से घायल या फिर मौत से जूझ रहे है द्यसेफ्टी मैनेजर इमरान खान को किसी भी प्रकार का सेफ्टी का ज्ञान नहीं।इनके द्वारा सेफ्टी दुरुस्त नहीं रहने के कारण आये दिन दुर्घटना होते रहता है।राजकेशरी से माँग करता हूँ अविलंब सेफ्टी मैनेजर इमरान खान को बर्खास्त कर नए जानकर सेफ्टी मैनेजर को बहाल करे ताकि किसी भी व्यक्ति की सेफ्टी के अभाव में जान माल की क्षति ना हो।72 घंटे के भीतर इसे अविलंब बर्खास्त करे अन्यथा लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## सूचना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रूपेश पांडेय के परिजनों से मिलने कल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश के साथ प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय एवं प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू नईटांड करियातपुर आएँगे। इस बात की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने दी है

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## रानी सती दादी का किया गया भव्य मंगल पाठ, धनबाद झरिया के कथावाचक मनीष कुमार उर्फ़ मोनु पधारें दादी को छप्पन भोग चढ़ाया गया

### तेराह सुहागन महिलाओं के द्वारा किया गया भव्य महाआरती दादी के भजनों पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया

**अपेम लाइव रू हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबागः जैन मंदिर रोड स्थित संस्कार एनक्लेव में सुरेंद्र खंडेलवाल के निवास स्थान पर राणी सती दादी का भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया जिसमें 51 महिलाओं ने दादी का पाठ किये। हज़ारीबाग़ के रानी सती दादी मंदिर के पुजारी शशीकांत मिश्रा ने श्री खण्डेलवाल के पुत्र प्रमोद खण्डेलवाल एवं वधु विनीता खण्डेलवाल को राणी सती दादी की पुजा करवा कर मंगल पाठ प्रारंभ करवाएं। पाठ के दौरान दादी को छप्पन भोग चढ़ाया गया। पाठ के अंत में तेराह सुहागन महिलाओं के द्वारा महाआरती भी किया। धनबाद झरिया से आये मनीष कुमार उर्फ मोनु द्वारा जन्म से लेकर विदाई तक की भजन प्रस्तुत की गई। दादी जी के भव्य ज्योत भी लिया गया सभी महिलाएं राजस्थानी परिधान में पाठ मे सम्मिलित हुई। पाठ के दौरान जय दादी की जयकारों की गूंज गूंजती रही दादी जी की जन्म के वक्त तमाम महिलाओं के बीच खिलौने,टॉफी एवं मेवे का वितरण किया गया। दादी की विदाई के वक्त सुहाग पिटारी का वितरण किया गया। अंत में दादी का भव्य आरती के साथ पाठ समापन हो गया तत्पश्चात सभी महिलाओं के बीच रबड़ी, खीर,बुंदिया,पुड़ी एवं पुडा का महाप्रसाद वितरण किया गया!

शारदा खण्डेलवाल ने बताया कि हमारा सौभाग्य है कि हम इस बार 13 वीं बार दादी जी का मंगल पाठ करवा रहे हैं हमारा संपूर्ण परिवार आज बेहद खुश है। हम लोग यह कार्यक्रम के लिए पिछले कई दिनों से कुछ ना कुछ तैयारी कर रहे थे कि दादी की मंगला पाठ कोई चूक ना रह जाए... बिनीता खण्डेलवाल ने बताया कि रानी सती दादी का पूरे भारतवर्ष में भव्य मंदिर स्थापित है हम लोग इनकी पुजा एवं पाठ हर वर्ष करते है दादी जी का हमें भरपुर आशीर्वाद भी मिल रहा है!

मौके पर उषा खण्डेलवाल, साधना खण्डेलवाल, बबली खण्डेलवाल,मिनु खण्डेलवाल, सीमा अग्रवाल,मीना खण्डेलवाल, स्वेता अग्रवाल, रानी खण्डेलवाल,रीना अग्रवाल, सोनाली खण्डेलवाल,सुषमा अग्रवाल, ममता खण्डेलवाल,संगीत अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल,पिंकी अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल,साबित खण्डेलवाल, पालक खण्डेलवाल, प्रीति अग्रवाल,मीना अग्रवाल,मधु अग्रवाल, सरिता खण्डेलवाल,सरोज,माधुरी अग्रवाल,लाली अग्रवाल,अंजू अग्रवाल,अनिता अग्रवाल,एवं कई महिलाएं मंगल पाठ में शामिल हुई!!

कार्यक्रम को सफल बनाने मेरू– अनिल खण्डेलवाल, प्रमोद खण्डेलवाल,हरीश खण्डेलवाल, रितेश खण्डेलवाल, केशव खण्डेलवाल, प्रगति एवं कई लोगो का अहम योगदान रहा।

## एनटीपीसी बादम कोयला खनन परियोजना के द्वारा गोन्दलपुरा में 250 कंबल का वितरण



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागाँव : एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना द्वारा गोन्दल. पुरा बस्ती में जरूरतमंद 250 महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस नेक कार्य को जीएम संजय सेठ , उप महाप्र. बंधक श्रीकांत सिन्हा ,उप महाप्रबंधक अजीत कुमार ,आर एंड आर कमला राम रजक के निर्देश पर किया गया। एनटीपीसी के अधिकारियों ने कहा की हमारे क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति ठंड से बीमार ना हो इसके लिए एनटीपीसी आप सभी की सेवा में हमेशा खड़ी है । ग्रामीण जनता एनटीपीसी के द्वारा प्राप्त कंबल पाकर काफी खुश नजर आए हुए। वितरण कार्यक्रम में उप मुखिया सुबोध यादव , प्रदीप कुमार, संजय यादव उनके सहयोग साथियों के द्वारा कंबल वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में कामेश्वर यादव ,विनय राणा , प्रमोद मेहता , बसंत कुमार मेहता ,फागुन गोप ,कुलदीप यादव (उर्फ किड्डू)जोगेश्वर यादव, सूरज राणा,व अन्य उप. स्थित थे।

## पाँच एकड़ वनभूमि में लगे अफीम कि खेती को पुलिस प्रशासन से किया नष्ट



**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

पुलिस प्रसाशन के संयुक्त छापेमारी अभियान में चौपारण थाना क्षेत्र के वनभूमि में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया गया। उक्त बातो की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने बताया कि वरीय पुलिस के निर्देश पर टीम गठित कर यवनपुर पंचायत के बीच भदेल वन क्षेत्र के कुम्हनिया नाला क्षेत्र में अफीम तस्करों के खिलाफ हज़ारीबाग़ पुलिस प्रशासन एव वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। सूचना मिला था कि भदेल वन क्षेत्र के कुम्हनीया नाला क्षेत्र के वन भूमि पर अवैध रूप से भारी मात्रा में अफीम की खेती लहलहा रहा है। अंचल अधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट केएन सिंह ब बरही सर्कल इंस. पेक्टर रोहित सिंह व वन विभाग के संयुक्त नेतृत्व में टीम गठित की गई। इस दौरान लगभग पांच एकड़ से अधिक की भूमि में लहलहाती अफीम की खेती को विनष्ट किया गया। बतादें की अफीम की फसल पूरी तरह से तैयार हो गई थी। और कुछ फसल से अफीम निकालने का भी कार्य किया जा रहा था। इंस. पेक्टर रोहित सिंह ने कहा कि जंगल का लाभ उठाकर तस्कर फरार हो गया वही तस्करों की पहचान कर कार्यवाई किया जाएगा।

## विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर हरली के ग्रामीणों को मिला 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत हरली में ट्रांसफार्मर खराब होने पर स्थानीय ग्रामीण अंधेरे में रहने के लिए विवस थे। जब ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय विधायक को दी तो मामले को संज्ञान में लेते हुए विधायक ने तुरन्त 100 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराईद्य

इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की क्षेत्र में किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधा मुझसे संपर्क करें, ग्रामीणों की हर समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता हैद्य इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश जी, संजय महतो, टिकेश्वर कुमार, गुरु दयाल महतो, भुनेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, महेंद्र महतो समेत समस्त ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।

## पड़रिया मे उत्पाद विभाग ने 30 पेटी अंग्रेजी शराब व स्प्रिट किया बरामद, तस्कर फरार

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



उत्पाद विभाग ने चौपारण पुलिस की सहायता से पडरिया में अवैध तस्करों के विरुद्ध छापेमारी कर 30 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व 30 पेटी स्प्रिट बरामद किया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक राजीव नयन ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि पडरिया के एक कच्चे मकान में अवैध शराब को तस्करी के लिए रखा गया है। टीम गठित कर छापेमारी किया गया हालांकि पुलिस टीम को देखकर तस्कर फरार हो गए। श्री नयन ने बताया कि उक्त मकान जहाँ शराब व स्प्रिट बरामद हुवा ओ रंजीत भुइँया एवं बेनी भुइँया का बताया जा रहा। बरामद शराब कैलाश यादव द्वारा खेप करने के लिए उक्त घर मे छुपाकर रखा गया था । बताया कि मामला दर्ज कर अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाई किया जाएगा। छापेमारी दल में राजीव नयन, अवर निरीक्षक उत्पाद, जितेंद्र कुमार के अलावा बड़ी संख्या में चौपारण पुलिस के जवान शामिल थे। बरामद शराब को उत्पाद विभाग अपने साथ ले गयी है.

## पूर्व विधायक प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ने किया यज्ञ का उद्घाटन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




ख़बर–गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा थाना क्षेत्र स्थित पिंडाटांड़ गांव में श्री श्री 1008श्री सार्वजनिक राधा कृष्ण नागेश्वर धाम प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का बुधवार देर शाम को दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उदघाटन समारोह में पुरोहितों ने मंत्रोचार का विधिवत उच्चारण किया। उदघाटन समारोह को सम्बो. धित करते हुए प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि धन्य है पिंडाटांड़ के निवासी और यहां की पावन धरती जहां इतने बड़े विशाल और भव्य यज्ञ का आयोजन हुआ है। उदघाटन समारोह में यज्ञ समिती अध्यक्ष, सचिव सहित सभी सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे। उदघाटन समारोह में विभिन्न देवी देवताओं के जयकारे लगाए गए। रात्रि में भागवत कथा हुई और प्रशाद का वितरण किया गया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## शिव परिवार महायज्ञ का हुआ समापन महाभंडारे में जुटे दस हजार श्रद्धालु

### संतों, महंतों , धर्माचार्यो व राजनीतिज्ञों का लगा जमावडा




हनुमत सेवा संस्थान द्वारा शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह में महामंडलेश्वर व महंत सभी को सम्मानित करते

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

बिगहा बाजार स्थित राजागढ हनुमत मंदिर में आयोजित श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्री हनुमंत द्वितीय वार्षिक महोत्सव का भव्य भंडारे के साथ समापन हो गया। महायज्ञ के नौवें दिन हवन, पूजन व महाभंडारे के साथ शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा के साथ महायज्ञ का समापन हो गया। महाभंडारे में लगभग दब हजार श्रद्धालु जुटे। महंतों धर्माचार्यो के साथ राजने. ताओं ने टेका मत्था बिगहा राजागढ में आयोजित विशाल महायज्ञ संतो महंतों धर्म आचार्यो के साथ-साथ प्रदेश के बड़े राजनेताओं की गरिमामय उपस्थिति के लिए लंबे समय तक याद किया जाएगा। बताते चलें कि महंत फलाहारी बाबा की देखरेख में आयोजित महायज्ञ में निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, कामाख्या माता मंदिर के तूफानी बाबा, तारापीठ से खंडेश्वरी बाबा ,मोनी बाबा , ईस्कान व गुरुकुल वेदांता के संस्थापक ड० केश्वानंद प्रभु, काशी के आचार्य डॉ चक्रपाणि, बालमुकुंद पांडे के निर्देशन में महायज्ञ हुआ। यज्ञ में सुबह के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद जयंत सिन्हा, विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक मनीष जायसवाल, विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बब्लु बाबु, भुनेश्वर यादव , हरीश चंद्र सिंह समेत कई सामाजिक , रा. जनीतिक कार्यकर्ताओं ने मत्था टेक कर क्षेत्र के सुख शांति और विकास की कामना की।महंत फलाहारी बाबा के परम भक्त आनंद चंद्रवंशी तथा अन्य सहयोगियों कुमार राहुल, प्रेम चंद्रवंशी, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, शिवेश सिंह राजेंद्र चंद्रवंशी,,मनीष सिन्हा, बलराम यादव, कामदेव प्रजापति, पंकज चंद्रवंशी सहित हनुमत सेवा संस्थान के दर्जनों सदस्यों के प्रयास से बेहद आकर्षक मंदिर तथा भव्य आयोजन किया गया।

## आत्मनिर्भर भारत पर युवाओं का अभिमुखीकरण एवं एक दिवसीय प्रशिक्षण



**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

आज दिनांक 17 फरवरी 2022 दिन गुरुवार को नेहरू युवा केन्द्र,गिरिडीह(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार) के तत्वाधान में गिरिडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय बरहमोरिया में ष्आत्मनिर्भर भारत पर युवाओं का अभिमुखीकरणष एवं षडिजिटल अभिनंदनरूबैंक मित्रों का संवर्ग तैयार करनाष विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह साधन सेवी के रूप में भारतीय स्टेट बैंक,बदडीहा के शाखा प्रबंधक श्री हर्षित आनंद उपस्थित थे।अतिथियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत मुद्रा योजना,किसान क्रेडिट कार्ड,डैडम लोन,फुटपाथ विक्रेता ऋण इत्यादि के बारे में युवाओं को जानक. ारी दी।उन्होंने कहा कि ठेले वाले,मजदुर,किसान आदि बैंक से लोन लेकर अपना व्यापार आगे बढ़ा सकते हैं।बैंक ईमानदार-मेहनती लोगों का स्वागत करता है एवं सरकारी योजनाओं के माध्यम से लोन प्रदान करने को तत्पर है।उन्होंने जोर देकर कहा कि लोन समय पर चुकाना जरूरी है ताकि विश्वसनीयता बनी रहे एवं भविष्य में जरूरत पड़ने पर लोन की सीमा बढ़ाई जा सके।उ. त्क्रमित उच्च विद्यालय बरहमोरिया के सहायक शिक्षक श्री राकेश कुमार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मंत्र दिया।उन्होंने कहा कि युवा चाहे तो अपने साथ साथ देश का भविष्य संवार सकते हैं।युवाओं के अंदर असीम ऊर्जा है उसका इस्तेमाल देश निर्माण में होना चाहिए।बरहमोरिया पंचायत के मुखिया श्री मुन्नालाल साव ने खेलकूद,कला,साहित्य के क्षेत्र में युवाओं से आगे आने का आह्वान किया।. उन्होंने कहा कि हमारे पंचायत में युवाओं के अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन संक. ोचवश आगे नहीं आत. े।आगे उन्होंने मनरेगा,दीदीवाड़ी योजना, पशुधन योजना आदि जैसी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं और ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़ने को कहा।उन्होंने कहा कि आज के युवा अपने क्षेत्र में रोजगार करके अपना भविष्य बना सकते हैं।अन्य साधन सेवियों एवं अतिथियों ने भी अपनी-अपनी बात रखी।राष्ट्रीय युवा स्वयसेवक प्रेमजीत सक्सेना ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र,गिरिडीह के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत युवाओं के अभिमुखीकरण विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षित युवा अपने-अपने क्षेत्र में इस योजना का प्रचार प्रसार करेंगे।मंच संचालन आक. ाश कुमार गुप्ता ने किया।मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय,वार्ड सदस्य प्रभाकर पांडेय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,बंदरकुप्पी के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, दिलीप साव,समरेश साव,किशुन,शेरू,संजय,रवि, छोटन आदि उपस्थित रहे।

## काला बिल्ला लगाकर भाजपाइयों ने किया झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज गिरिडीह जिला भाजपा के सभी 34 मंडल अन्तर्गत सभी चौक- चौराहों में पार्टी नेताओं ने काला बिल्ला लगाकर झारखंड सरकार का विरोध किया। इस दौरान 144 धारा के नियमों का अनुपालन करते हुए रूपेश हत्या समेत कई मुद्दों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। संवाददाताओं से बात करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि झारखंड की हेमन्त सरकार जनता आवाज को दबाने के लिए धारा 144 लागू करके अपनी कमजोरी छिपाने का प्रयास कर रही है।इससे जनता की आवाज और बढ़ेगी।भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने कहा कि हेमंत सरकार में अपरा. धियों का बोलबाला बढ़ गया है कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है हत्या,बलात्कार, चोरी, डकैती, मॉब लिंचिंग लगातार बढ़ती जा रही है जबकि सरकार अपराधियों पर नकेल कसना छोड़कर उन्हें संरक्षण दे रही है इसी का नतीजा है कि बरही जिले में सरस्वती पूजा के दौरान म०ब लिंचिंग में मारे गए रूपेश पांडे के मामले में अपराधियों को गिरफ्तार करना छोड़ कर 144 धारा लागू करके अपना कायराना नीतिगत फैसला लेते हुए रुपेश पांडे के मामले को म०ब लिंचिंग ना कह कर हत्या करार दे रही है जिसे झारखंडी जनता कभी माफ नहीं करेगी बल्कि जन आंदोलन और भी बढ़ जाएगा।उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री में जरा भी नैतिकता रह गई है तो 144 धारा लागू ना करके राष्ट्रपति शासन लागू कर दे।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने कहा कि हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र में मॉब लिंचिंग के मामले को सरकार दबाने के लिए हर तरह का हथकंडा अपना रही हैं लेकिन जनता रुपेश पांडे के हत्या को लेकर तब तक आंदोलन करते रहेगी जब तक कि उसके परिवार को इंसाफ ना मिल जाए।

पार्टी नेताओं ने झारखंड सरकार से रूपेश पांडेय के परिजन को मुआवजा देने की मांग की साथ ही साथ एक सदस्य को नौकरी देने का भी मांग किया।

इस दौरान महादेव दुबे, दिलीप वर्मा, सुभासचंद्र सिन्हा, मनोज संघाई, अनूप सिन्हा, संगीता सेठ, अजय वर्मा, राजेश वर्मा, मनोज तांती सहित कई लोग मौजूद थे।

## पचम्बा थाना क्षेत्र से बालू खनन कर बेंगाबाद थाना क्षेत्र से किया जा रहा है तस्करी




**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला में विगत बुधवार को सदर एसडीएम विशालद्वीप खलको की अगुआई में बालू, कोयला और पत्थर के अवैध कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। पचंबा थाना क्षेत्र स्थित पिंडाटांड़ पंचायत के मघईया टोला गांव के पास उसरी नदी से बालू तस्करी करने वाले लोग बालू को टैक्टर में लोड कर बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित मोतीलेदा के बनगांवा उसरी नदी किनारे स्थित काली मंदिर के बगल से निकाल कर बेंगाबाद थाना क्षेत्र में बेचते हैं और कुछ बालू गिरिडीह में बेची जा रही है। बालू का उठाव लगातार की जा रही है जिससे सरकार को राजस्व की क्षति पहूंच रही है। बालू माफिया को बालू लोडकरने से मना करने पर मना करने वाले को जान मारने की धमकी देता है। बालू का उठाव मगहिया टोला जंगल के रास्ते भी की जा रही है और बालू का उठाव मो. तिलेदा के खेरंद के पास स्थित चिमनी भट्ठा के पास उसरी नदी से भी रोजाना हो रही है। अगर जिला प्रशासन ने उपरोक्त सभी स्थानों से बालू का अवैध खनन पर रोक नही लगाएगा तो उसरी नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगी। बालू का उठाव लगातार हो रही है। जिला प्रशासन इस विषय पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करे ताकि उसरी नदी का अस्तित्व समाप्त न हो पाए।




APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## एएनएम व सहिया को एचआईवी एड्स पर दी गई जानकारी




प्रसीक्षण के दौरान एएनएम व सहिया

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**

कांको स्थित पंचायत सचिवालय में झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वाधान में ट्राई इंडिया संस्था के द्वारा जयनगर प्रखंड से निर्देशित में एएनएम तथा सहिया दीदी के बीच बेसिक अ०फ एचआईवी एंड इलीमिनेशन अ०फ मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन ऑफ एचआइवी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर ट्राई इंडिया संस्था के मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार ने उप. स्थित एएनएम तथा सहिया दीदी को एचआईवी एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी मुहैया कराया। इस दौरान उन्होंने एड्स से बचने तथा एड्स संक्रमित महिलाओं से होने वाले बच्चे को एड्स के खतरे से बचाने की तमाम जानकारी दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एड्स से बचने के लिए समाज में लोगों को जानकारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर सहिया दीदी की जिम्मेवारी है कि वह गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित करें तथा एड्स से संक्रमित महिलाओं की जांच कर एआरटी सेंटर में काउंस. लिंग कराएं। उन्होंने बताया कि संक्रमित मां से उतपन्न बच्चे को एड्स से बचाया जा सकता है। मौके पर बीटीटी प्रकाश चन्द्र राय, रीना देवी, संजू देवी, प्रमिला देवी, सहिया साथी उर्मिला देवी, शोभा देवी, रूबी देवी, आशा देवी, रेणु देवी, कंचन देवी, मुन्नी देवी, गिरजा देवी, राधा देवी, निर्मला देवी, डोली सिन्हा सहित कई एएनएम तथा सहिया मौजूद थे।







